## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 638.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 अगस्त तक 638.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 798.9 मिली मीटर, पुसौर में 705.7, खरसिया में 634.3, घरघोड़ा में 628.2, तमनार में 555.8, लैलूंगा में 547.2, मुकडेगा में 586.4, धरमजयगढ़ में 518.1 छाल में 679.4 एवं कापू में 726.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 30 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रीकल डोमेस्टिक, ड्रायविंग अस्सिटेंट कोर्स का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए 30 अगस्त 2024 सायं 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए है। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक एवं ड्रायविंग अस्सिटेंट कोर्स हेतु 8 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड, रोजगार पंजी प्रमाण-पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन नियत तिथि एवं समय तक जमा कर सकते है। यह प्रशिक्षण रायगढ़ जिले के अंतर्गत आवेदकों के लिए है।

### आईटीआई रायगढ़ में मेहमान प्रवक्ता के लिए 30 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ अंतर्गत जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं हेतु संचालित व्यवसायों में प्रशिक्षण पूर्ण कराने हेतु मेहमान प्रवक्ता के लिए 30 अगस्त 2024 सायं 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए है। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यवसाय फिटर 1 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा)-2 पद, ड्रेस मेकिंग-1 पद, वेल्डर 1 पद एवं सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी)1 पद कुल 6 हेतु प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत रिक्त पद के विरूद्ध प्रशिक्षण सत्र अगस्त 2024 से जुलाई 2025 हेतु मेहमान प्रवक्ता के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपना नियत तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक द्वारा आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सीएस-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ कंपोजिट) एवं विदेशी मदिरा (एफएल-1 घघ), दुकानों, देशी मंदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों (एफएल-3) को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवसों में मदिरा, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन पूर्णत: बंद रहेगा।

# तिरंगा पूर्वजों के बलिदान और भविष्य की नींव सशक्त बनाने का प्रतीक- कलेक्टर

- कलेक्टर संग अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने लगाई स्वतंत्रता दौड़
- हर घर तिरंगा की ली शपथ, हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया

**रायगढ़**



स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्वतंत्रता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टोरेट परिसर से प्रारंभ हुई स्वतंत्रता दौड़, डिग्री कॉलेज से रोज गार्डन होते हुए शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में समाप्त हुई।

इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने इस आजादी के लिए कितनी कुर्बानियां दी हैं। तिरंगा झंडा उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता और हमारी एकजुटता का प्रतीक है। हमारे पुरखों के लंबे संघर्ष के बाद हमे स्वतंत्रता मिली है, जो उन्होंने विरासत के रूप में हमें सौंपी है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व पर संकल्प करें कि स्वतंत्रता के मूल्यों को समझते हुए हम देश को आगे ले जाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इसके लिए जरूरी है आप सभी खूब मन लगाकर पढ़ें और अपनी नींव मजबूत बनाएं। जिस भी क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं उसमें पूरे लगन से मेहनत करें। आपके योगदानों से ही देश की विश्वपटल में पहचान बनेगी।

इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, पार्षद पंकज कंकरवाल, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अमित मरकाम, डीपीओ एल.आर. कच्छप सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

**'हर घर तिरंगा अभियान' की ली शपथ, हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया-** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को हर घर तिरंगा अभियान की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि तिरंगा फहराकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करेंगे तथा भारत के विकास और प्रगति के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें उपस्थित जनों ने अपने संदेश अंकित किए।

# आईएएस सहित शासकीय अधिकारियों पर हमला करने वाले 4 आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

- अवैध उत्खनन की जांच के लिए पहुंचे थे अधिकारी

**रायगढ़**

अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करने गए आईएएस अधिकारी मयंक चतुर्वेदी सहित खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर जेसीबी से हमला करने के 4 आरोपियों को विशेष न्यायाधीश जितेंद्र जैन ने आरोपियों को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

घटना 12 अप्रैल 2019 के रात 12.30 बजे की है, जब रायगढ़ के तत्कालीन सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, खनिज विभाग के अधिकारियों तत्कालीन उप संचालक खनिज शिवशंकर नाग, खनिज निरीक्षक राकेश वर्मा, घनश्याम दीवान व निलांबर यादव के साथ सारंगढ़ के टिमरलगा के आसपास अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत मिलने पर जांच के लिए पहुंचे थे। आरोपियों द्वारा जांच के दौरान सहायक कलेक्टर सहित अन्य अफसरों के ऊपर जेसीबी चढ़ाने का प्रयास किया गया था, वहीं कार से भी कुचलने की भी कोशिश की गई थी। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 147,186 एवं धारा 149, 353, 341, 307 एवं अनुसूचित जाति एवं अनसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (वी) के तहत एफआईआर किया गया था।

इस मामले में विशेष न्यायधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने आरोपियों को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रूपए जुर्माना भी लगाया है। जिसमें टिमरलगा निवासी आरोपी कन्हैया पटेल, हरिचरण पटेल, लोकनाथ पटेल, लालसाय निषाद को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं घटना में प्रयुक्त जेसीबी, मोटर साइकिल और कार को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

# कैरियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को एंटी रैगिंग गतिविधियों से दूर रहने और साइबर फ्रॉड की दी जानकारी

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन में आज थाना चक्रधरनगर के निरीक्षक प्रशांत राव आहेर व उनके स्टाफ द्वारा कैरियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चिटकाकानी में एंटी रैगिंग डे के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में टीआई प्रशांत राव ने छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए सख्त चेतावनी दी गई। रैगिंग से जुड़े कानूनों पर विस्तार से चर्चा की और छात्रों को इसके गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया। जनचौपाल के माध्यम से छात्रों को रैगिंग से दूर रहने और अपने सहपाठियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का आग्रह किया गया, ताकि कॉलेज में एक सुरक्षित और सकारात्मक माहौल बना रहे। कार्यक्रम में छात्रों को रैगिंग के खिलाफ सख्त चेतावनी दी गई और इसके दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जानकारी दी गई। टीआई प्रशांत राव ने साइबर अपराधों, ऑनलाइन सुरक्षा और निजी जानकारी की रक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। पुलिस की इस पहल से छात्रों में जागरूकता बढ़ी है और रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एक मजबूत संदेश गया है।

# फर्नीचर गोदाम चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सारा सामान बरामद

**रायगढ़**

चक्रधरनगर पुलिस ने टीवी टावर आर्यन फर्नीचर गोदाम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिव सारथी और कुश केरकेट्टा को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने गोदाम का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, कांस और स्टील के गघरे, और गैस चूल्हा चोरी किया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें सूर्या विहार कॉलोनी के पास से हिरासत में लिया। आरोपियों ने चोरी का सामान अटल आवास के पीछे छिपाकर रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। मामले की जांच में टीआई प्रशांत राव, प्रधान आरक्षक रवि साय, आरक्षक अभय नारायण, चंद्र कुमार बंजारे और राजेश सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



**चोरी की घटना-**

दिनांक 13.08.2024 को प्रार्थी रोहित कुमार यादव ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि टी0वी0 टावर के सामने आर्यन फर्नीचर का गोदाम है, दिनांक 12.08.2024 को रात्रि गोदाम को बंद कर अपने घर चला गया सुबह गोदाम में आया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, गोदाम में पूर्व से रखे दो नग HP कंपनी का खाली गैस सिलेंडर , कांस का गघरा 01 नग, स्टील गघरा 01 नग, गैस चुल्हा 01 नग कुल कीमती करीबन 10,000/ रूपये नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात में गोदाम का दरवाजा का ताला तोडकर गोदाम से चोरी कर ले गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर टीआई प्रशांत राव द्वारा मुखबीरों को सक्रिय किया गया और सूचना पर संदेही की तलाश में अंबेडकर नगर, पहाड़ मंदिर में दबिश देकर दो संदिग्ध शिव सारथी और कुश केरकेट्टा को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ में संदेहियों ने टीवी टावर के पास स्थित आर्यन फर्नीचर गोदाम से चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर चोरी के सामान को सूर्या विहार कॉलोनी के पीछे खाली पड़े अटल आवास में छिपाकर रखना बताये। आरोपियों से चोरी के सारे सामान और घटना में दरवाजे का ताला तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड जप्त किया गया है। आरोपी (1) शिव सारथी पिता सालिक राम सारथी उम्र 20 वर्ष (2) कुश केरकेट्टा पिता दिलीप केरकेट्टा उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी टी.वी. टावर, कृष्णा नगर, चकधरनगर जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

# डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया व्यवसायिक परिसर एवं नवनिर्मित मकान वाले क्षेत्रों का सर्वे

- जल जमाव वाले जगहों पर किया गया दवा का छिड़काव

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यवसायिक परिसर व नवनिर्मित मकान वाले क्षेत्रों में सर्वे किया गया। मौके पर उन्होंने जलजमाव वाले जगहों को साफ करते हुए वहां दवा का छिड़काव किए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां आसपास रहने वाले लोगों को समझाईश दी कि छोटी-छोटी असावधानियों से डेंगू के लक्षण मिलते है। चूंकि डेंगू का लार्वा साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपता है। इसलिए डेंगू के केसेस को रोकने के लिए सबको सतर्कता बरतना आवश्यक है।

डेंगू मच्छर एवं वाहक एडिज एजिप्टी की पहचान एवं मच्छर के काटने तथा संक्रमण फैलाने वाले डेंगू वायरस के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षणों के आधार पर ही इसका इलाज किया जाना रहता हैं विशेष एवं गंभीर अवस्था में मरीजों को भर्ती करके इलाज उपलब्ध कराया जाता है। भर्ती के दौरान कुछ ऐसे मरीजों का जिनका प्लेटलेट की मात्रा अत्यधिक कम हो जाने पर फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा एवं प्लेटलेट उपलब्ध कराया जाता है तथा डेंगू रोकथाम के उपाय बताए गए जिसमें मुख्य रूप से कुलर में एक हफ्ता से रखा हुआ स्थिर एवं साफ पानी, बिना ढ़के हुए प्लास्टिक एवं सीमेंट टैंक का साफ पानी, फ्रिज के पीछे ट्रेर, गमले में जमा हुआ पानी, पशु एवं पक्षियों के लिए पात्र में रखा हुआ साफ पानी, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन एवं डिस्पोजल, गड्ढ़ों में बारिश का जमा हुआ साफ पानी, टायरों में जमा हुआ साफ पानी, अन्य ऐसे स्थान या वस्तु जिसमें स्थिर साफ पानी जमा हो रहा है वहां डेंगू के मच्छर पनपते है। इसलिए व्यर्थ पड़े हुए पात्रों को पलट कर रखे उन्हें खुला न रहने दें। तत्पश्चात आयुक्त नगर निगम ने शहरी क्षेत्र के समस्त वार्डों के आधार पर हाईरिस्क वार्डो का जिक्र करते हुए बताया कि इन क्षेत्रों से ही डेंगू प्रकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ड्यूटीरत अधिकारी/कर्मचारियों सुपरवायजर, मितानिन पर्यवेक्षक, मितानिन के द्वारा पूर्ण रूप से घरों का सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। बचाव के उपाय-डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखना चाहिए, नालियों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिड़काव करना चाहिए। हमेशा फूल आस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही आम जनता से अपील की जा रही है, की रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।

**कंट्रोल रूम नंबर 9893362364 में कर सकते है संपर्क** - डेंगू से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में स्थापित कंट्रोल रूम नं. 9893362364 में संपर्क कर सकते है।

# स्वतंत्रता दौड़ क़े धावकों को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सारंगढ़ में 14 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में जिले के अधिकारी, कर्मचारी सहित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने धावक के तौर पर हिस्सा लिया। सुबह 7 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया, जो स्थानीय खेलभाठा मैदान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी ने तिरंगा फहराने का शपथ लिया। कलेक्टर साहू ने स्वतंत्रता दौड़ में शामिल सभी धावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दौड़ इस बात का परिचायक है कि हम अपने देश को प्यार करते हैं, साथ ही जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद करने के लिए अपनी कुर्बादी दी, उन्हें हम नमन करते हैं। साथ ही देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि देशप्रेम का यह जज्बा अपने भीतर सीमित न होकर अपने आसपास के लोगों तक भी इसका प्रसार हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल सहित सम्मानीय नागरिक, युवा और पत्रकारगण उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस ने मारपीट में शामिल 9 आरोपियों पर प्रतिबंधक कार्यवाई कर भेजा जेल

**रायगढ़**



दिनांक 13.08.2024 की रात्रि कोतरारोड शीतला मंदिर के सामने जन्मदिन मनाया जाने के बाद उत्पात मचाने की घटना सामने आयी है जिस में आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 487/2024 धारा 296, 351(2), 115(2), 190, 191(2), 191(3), 324(4), 3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने घटना में शामिल रहे 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत शांति भंग की संभावना में पाबंद किया। अनावेदकों में रवि यादव, प्रतीश ठाकुर उर्फ पप्पू, दीपक यादव, जितेश यादव, मो. आसिफ, सूरज महंत, किशन यादव, मनीष यादव और मोनू यादव शामिल हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की, जिससे इलाके में किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोका जा सके। खुलेआम गुंडागर्दी, मारपीट करने वालों से आगे भी पुलिस सख्ती से कार्यवाही करेगी।

इन अनावेदकगण पर की गई प्रतिबंधक कार्रवाई -

(1) रवि यादव पिता मनोहर लाल यादव उम्र 29 वर्ष निवासी राजीव नगर रायगढ़ (2) प्रतीश ठाकुर उर्फ पप्पू पिता रवि सिंह ठाकुर उम्र 29 वर्ष निवासी राजीव नगर रायगढ़ (3) दीपक यादव पिता रेशम लाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी रामभांठा संजय नगर रायगढ़ (4) जितेश यादव पिता संतोष यादव उम्र 27 वर्ष निवासी रेलवे बंगलापारा रायगढ़ (5) मो. आसिफ पिता मो. मकसूद शेख उम्र 18 वर्ष 06 माह निवासी राजीव नगर गली नं. 03 रायगढ़ (6) सूरज महंत पिता राजकुमार महंत उम्र 30 वर्ष निवासी रेलवे बंगलापारा रायगढ़ (7) किशन यादव पिता मोहन यादव उम्र 22 साल निवासी राजीव नगर रायगढ़ (8) मनीष यादव पिता सुरेश यादव उम्र 20 साल निवासी शंकर नगर रायगढ़ (9) मोनू यादव पिता दाऊ राम यादव उम्र 35 वर्ष शंकर नगर धनागरडीपा रायगढ़।

# हर घर तिरंगा अभियान : सेजेस कोतरा के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

- विद्यार्थियों के मेहंदी व रंगोली में दिखा देशभक्ति का संदेश

**रायगढ़**






स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में हर्षोल्लास से स्वतंत्रता सप्ताह मनाया गया। स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत हर घर तिरंगा पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्राचार्य जे एल नायक एवं कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता वीर सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली की शुरुआत डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं एपीसी भुवनेश्वर पटेल की उपस्थिति में हुई। रैली ने पूरे गांव का भ्रमण कर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों के जोश और उमंग से पूरा विद्यालय परिवार देशभक्ति मय हो गया। हर घर तिरंगा थीम पर विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही आकर्षक रंगोली बनाई गई। मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। हाउसवाइज बोर्ड डेकोरेशन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस दौरान डीएमसी नरेंद्र चौधरी एवं एपीसी भुवनेश्वर पटेल ने विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की सभी गतिविधियों का अवलोकन कर विद्यालय के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता विमला भगत, सीताराम गुप्ता, विजय कुमार प्रधान, आशु खूंटे, श्यामा पटेल, तृप्ति अग्रवाल, नीलू भारद्वाज, विजयलक्ष्मी, भारत पटेल, मिथुन पटेल, दीपक पटेल, शुभम लोहिया, दीप्ति गुप्ता, ममता पटेल, सावित्री पटेल, रश्मि चौधरी, शांति मिश्रा भारती खांडेकर, अमीषा, अनीता, रजनी एक्का, माधुरी नायक एवं सभी हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम के स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480